卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 202 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦29 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सर्किल रेट पर जल्द होगा फैसला: धामी

### लिटिल स्कॉलर स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री ने दिये सर्किल रेट में बदलाव के संकेत





काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्किल रेट में बदलाव के संकेत दिये हैं। शनिवार को यहां लिटिल स्कॉलर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सर्किल रेट को लेकर लोगों का निवेदन शासन के पास आया है जिस पर विचार चल रहा है जल्द ही इसमें कुछ फैसला लिया जायेगा। मंत्रिमण्डल विस्तार को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार सभी काम समय पर करती है जब समय आयेगा तो यह भी होगा। इससे पूर्व लिटिल स्कॉलर स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के अथक प्रयासों से आज यह विद्यालय आज वटवृक्ष का रूप ले चुका है। यह विद्यालय आज बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में उल्लेखनीय काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में उत्तराखण्ड के अलावा अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी शिक्षा ले रहे हैं यह गौरव की बात है। विद्यालय बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने का काम बखूबी कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारने में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। हमारी संस्कृति में शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है बल्कि यह एक ऐसी यात्रा है जिसमें हम अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को ज्ञान, और शिक्षा देने का काम भारत ने किया। एक विद्यार्थी बचपन से जो शिक्षा और संस्कार ग्रहण करता है उससे देश का भविष्य का भी निर्माण होता है। सीएम धामी ने कहा कि हम कैसा भविष्य चाहते हैं उसके लिए हमें आज काम करना होगा। जिस प्रकार का व्यवहार आज हमारे अंदर आयेगा वह निश्चित रूप से हमारे (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे के इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार



रामनगर। कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए नशे के दो सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 111नशे के अवैध इंजेक्शन बरामद करने में सफलता हासिल की है ।जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि शुक्रवार की शाम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम तेलीपुरा रोड स्थित प्राइमरी स्कूल के पास दो संदिग्ध लोगों को दबोचते हुए तलाशी लेने पर उनके कब्जे से नशे के अवैध इंजेक्शन बरामद किए। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनिल सैनी निवासी शिव कॉलोनी तेलीपुरा रोड एवं अंबीराम निवासी ग्राम चिल्किया बताया। अनिल के कब्जे से 66 और अंबीराम के कब्जे से 45 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए हैं।आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है तथा पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है।

## अनियंत्रित कार पलटने से पांच लोग घायल



टिहरी (उद संवाददाता)। चंबा-ऋषिकेश मोटर मार्ग पर रताछला के समीप सुबह एक हादसा हो गया। एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने से इसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है, जिन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। शनिवार सुबह एक कार ऋषिकेश से उत्तरकाशी की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार सड़क पर पलट गई। कार में पांच लोग सवार थे। सभी घायलों को 108 से सीएचसी खाड़ी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। नरेंद्रनगर थानाध्यक्ष नदीम अहतर ने बताया कि दुर्घटना में अनिता पुत्री देवेश्वर निवासी रोतल घमरी उत्तरकाशी, लक्ष्मी प्रसाद पुत्र देवेश्वर, सुलोचना देवी पत्नी मोहन मिश्रा , रुद्र देवी पत्नी काशी राम, केदार दत्त पुत्र मोहन मिश्रा निवासी घायल हुए हैं।

## वन कर्मियों पर ग्रामीणों ने किया हमला

रामनगर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जंगल से आग बुझाने के बाद लौट रहे वन कर्मियों पर पांच लोगों ने फतेहपुर में हमला कर दिया। टीम के साथ आरोपितों ने धक्का मुक्की कर लाठी डंडे से पीट दिया। सिर में डंडा लगने से एक कर्मचारी घायल हो गया। रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत फतेहपुर रेंज के हैड़ाखान बीट काठगोदाम कक्ष संख्या 10 के जंगल में गुरुवार शाम आग लग गई थी। फतेहपुर रेंज का स्टाफ आग बुझाने के बाद देर शाम वापस लौट रहा था। आरोप है कि कमेटिया नाला दाणू मंदिर के समीप वन कर्मियों को युवक मोनू आर्या पुत्र चंद्रशेखर आर्या आग लगाता हुआ दिख गया। वन कर्मियों ने युवक को पकड़कर विभागीय वाहन में बैठाया ही था कि इसी बीच नवीन चंद्र, हेमा देवी व दो अन्य अज्ञात महिलाओं ने युवक को छुड़ाने के लिए हमला कर दिया। इस हमले में वन बीट अधिकारी राजीव जोशी के बाएं हाथ में चोट व आउटसोर्स कर्मी मोहित नेगी के सिर में चोट लगने से रक्तस्राव हो गया। घटना की सूचना वन कर्मियों ने डीएफओ कुंदन कुमार को दी। डीएफओ ने बताया कि इस मामले में काठगोदाम थाने में पांच नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। फतेहपुर रेंज में भी आरोपितों पर वन अपराध दर्ज किया जा रहा है।

## युवा कांग्रेस की रूद्रपुर महानगर कार्यकारिणी घोषित




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के कैम्प कार्यालय पर सादे सामरोह में कांग्रेस के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रर भुल्लर व नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा द्वारा युवा कांग्रेस की महानगर कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें नासिर हुसैन को महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष दिवाकर, मिंटू विश्वास, निजाम, अभिजीत हालदार, शाहरुख, को महानगर उपाध्यक्ष विकास विश्वास को मीडिया प्रभारी राजेश कुमार, राजवीर राठौर, गौतम घरामी, विपिन रस्तोगी, अशफाक अंसारी,आनंद शर्मा, उमर खान, जमुना कोली, राजू कोली, दीप प्रकाश मंडल, अरविन्द राठौर को महामंत्री राजीव यादव, अजय चौहान को मंत्री अजय गोलदार को संगठन मंत्री आमिर को सचिव दीपांकर विश्वास को वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 4, अभिमन्यु साना को वार्ड अध्यक्ष वार्ड नंबर 10 मनोनीत किया गया । सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ से आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री बेहड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया और आशा व्यक्त करी कि युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व सदस्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर पार्टी को आगे ले जाने का कार्य करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर ने सभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मानसून नजदीक आते ही कल्याणी नदी में बसे परिवारों पर मंडराया खतरा

### प्रशासन नहीं ले रहा कोई सुध, हर वर्ष हो जाता है भारी जल भराव

■ प्रमोद धींगरा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन प्रशासन द्वारा एक ओर मुख्य मार्ग के दोनों ओर मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर सरकारी सम्पत्ति से अतिक्रमण हटाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। परंतु शासन प्रशासन का ध्यान जिला मुख्यालय में स्थित कल्याणी नदी के मध्य तथा इसके दोनों किनारों पर अवैध रूप से बसे सैकड़ों परिवारों की ओर बिल्कुल नहीं जा रहा है। जहां प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान कल्याणी नदी का जल स्तर बढ़ जाने से सैकड़ों मकान कई फीट पानी में डूब जाते हैं और वहां रहने वाले परिवारों पर जीवन का खतरा मंडराने लगता है। कल्याणी नदी में पूर्व में आई बाढ़ से भी प्रशासन कोई सबक लेने की जहमत नहीं उठा रहा है। हर वर्ष बाढ़ के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को उफनाई कल्याणी नदी में लोगों के जीवन को बचाने के लिए रेस्क्यू आपरेशन भी चलाने पडते़ हैं। लोगों के घरों में कई फीट कीचड़ भरा पानी आ जाने से करोड़ों की सम्पत्ति को नुकसान भी होता है। जिसके बाद शासन प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को उनके हुए नुकसान के बदले अर्थिक मदद करने नाम पर झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। लेकिन इस समस्या का स्थाई समाधान करने का कभी भी प्रयास नहीं किया जाता है। जब तक कल्याणी नदी के मध्य एवं इसके दोनों किनारों पर अवैध रूप से बसे परिवारों को पूरी तरह से हटाया नही जाता समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकता है। नगर निगम सहित कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा कल्याणी नदी को साफ सुथरा बनाने के लिए अभियान तो चलाये जाते है। लेकिन इसके वास्तविक स्वरूप बनाये रखने के लिए भी धरातल पर कार्य किये जाने आवश्यक हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

# जंगलचट्टी में घायल महिला को कन्धों पर उठाकर किया रेस्क्यू







## सुरक्षा व्यवस्था के साथ चारधाम यात्रा मार्गो पर वृद्ध और असहाय श्रद्धालुओं की डगर को आसान कर रही है रुद्रप्रयाग और चमोली पुलिस

रूद्रप्रयाग/चमोली(उद संवाददाता)। श्री केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम यात्रा पर आये श्रद्धालुओं को जनपद पुलिस के स्तर से कतारबद्ध कराते हुए सुगम तरीके से दर्शन कराये जा रहे हैं। वहीं केदारनाथ में बाबा केदार के जयकारों, व बोल बम के जयकारों के साथ पंक्ति में खड़े श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ाया जा रहा है। केदारनाथ धाम यात्रा पर आये श्रद्धालुओं की मदद हेतु जनपद पुलिस के स्तर से ऑपरेशन मुस्कान प्रारम्भ किया गया है, जिस क्रम में पुलिस के स्तर से निरन्तर लोगों की मदद की जा रही है, केदारनाथ धाम यात्रा पर आयी महिला रूपा देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र निवासी नागर पोस्ट विचारीपुर, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश (70 वर्ष) घोड़े से पुलिस चौकी जंगल चट्टी के समीप वापसी के दौरान गिर गयी थी। जंगलचट्टी पर नियुक्त होमगार्ड के जवान प्लाटून सार्जेंट केशर सिंह व होमगार्ड दिनेश चन्द्र द्वारा इस महिला का त्वरित रेस्क्यू कर अपने कन्धे पर उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जंगलचट्टी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उक्त महिला को परिजनों के साथ गौरीकुण्ड के लिए भेज दिया गया है। न केवल पुलिस जवान बल्कि यात्रा व्यवस्थाओं में लगे होमगार्ड व पी0आर0डी0 जवानों द्वारा भी निरन्तर लोगों की मदद की जा रही है। जनपद रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम में देश के हरेक कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार के यात्रा काल के शुरुआती दिनों में केदारनाथ धाम में लगातार मौसम बदल रहा है, विशेषकर अपरान्ह के बाद मौसम परिवर्तित हो जा रहा है व धाम क्षेत्र में निरन्तर बर्फवारी हो रही है। जनपद पुलिस द्वारा इस अवधि में निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराकर बाबा केदार के दर्शन कराये जा रहे हैं। **यात्री का खोया हुआ फोन सकुशल किया मालिक के सुपुर्द:** श्री बद्रीनाथ धाम मे ड्युटी पर तैनात मुख्य आरक्षी प्रमोद गुसांई को मन्दिर परिसर में एक सैमसंग का मोबाइल फोन मिला उक्त पुलिस कर्मी द्वारा तत्काल ब्ब्ज्ट पुलिस कन्ट्रोल रूम से उक्त के सम्बन्ध में अनाउंसमेंट करवाते हुए स्वयं फोन स्वामी की ढूंढ खोज की तो काफी देर के पश्चात उक्त फोन श्री संजय कुमार अग्रवाल निवासी हैदराबाद का होना पाया गया। श्री संजय कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया वे काफी समय से अपने फोन की ढूंढ खोज कर रहे थे, अपना फोन सकुशल पाकर उन्होंने मित्र पुलिस का सहृदय धन्यवाद किया व श्री प्रमोद गुसांई जी को भविष्य में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन इसी तरह करने की शुभकामनाएं दी। **खोया हुआ पर्स सकुशल किया मालिक के सुपुर्द:** कंट्रोल रूम श्री बद्रीनाथ में ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मी दीपक प्रजापति को एक पर्स मिला जिसमें 3400/-रू0, ।ज्ड कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, डीएल अन्य जरूरी कागजात थे। पुलिस कर्मी द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए पर्स के स्वामी के सम्बन्ध में आसपास पूछताछ की गयी तो काफी ढूँढखोज करने पर उक्त पर्स श्री संजय गोयल निवासी मसूरी देहरादून का होना पाया गया श्री संजय गोयल जी द्वारा बताया गया की वे श्री बद्रीनाथ दर्शन के लिए आए थे व भूलवश उनका पर्स खो गया था अपना खोया पर्स मिलने से उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आयी। **चलने में असमर्थ दिव्यांग एवं वृद्ध श्रद्धालु को पुलिसकर्मी ने कराए:** श्री बद्रीनाथ धाम में चमोली पुलिस के जवान दूर-दूर से आने वाले दर्शनार्थियों की सहायता में अतिथि देवो भव: का भाव मन में लिए हुए अपने कर्तव्य में डटे हुए हैं। कोटा राजस्थान से आए हुए वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालु श्री दिनेश चंद्र उपाध्याय जी की अपरउपनिरीक्षक श्री प्रदीप मिश्रा द्वारा सहायता कर सुलभता से दर्शन करवाए गए जिस पर उक्त वृद्ध श्रद्धालु एवं उनके परिजनों द्वारा उत्तराखंड पुलिस की सराहना कर धन्यवाद दिया गया।

## बारिश और बर्फबारी जारी: गौरीकुंड से केदारनाथ तक करीब 10 हजार यात्रियों के रात्रि प्रवास की व्यवस्था

रूद्रप्रयाग। अब सोनप्रयाग से पूर्वाह्न 11.30 के बाद श्रद्धालुओं को पैदल मार्ग से केदारनाथ के लिए रवाना नहीं किया जाएगा। जबकि गौरीकुंड से दोपहर बाद एक बजे से आगे नहीं जाने दिया जाएगा। केदारनाथ में हो रही बारिश और बर्फबारी को देखते हुए प्रशासन ने फिलहाल यह निर्णय लिया है।वहीं बृहस्पतिवार को रोके गए चार हजार और शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों कुल 13,429 को सुबह पांच सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम के लिए रवाना किया गया। इसके बाद उन्हीं यात्रियों को गौरीकुंड के लिए छोड़ा गया जिनके कमरे बुक हैं। वहीं धाम में शुक्रवार को भी आधे घंटे तक बर्फबारी हुई। शुक्रवार सुबह पांच बजे तक सैकड़ों तीर्थयात्री भी यहां पहुंच गए जिस कारण यहां संख्या 13,429 हो गई। इसके बाद सभी तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग से धाम के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं, पैदल मार्ग व धाम में पूरे दिनभर रौनक बनी रही। प्रशासन की ओर से मौसम को देखते हुए जंगलचट्टी, भीमबली और लिनचोली में भी और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।केदारनाथ में आए दिन हो रही बर्फबारी से बिजली, पानी व संचार सेवा बार-बार बाधित हो रही है, जिससे व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में दिक्कतें हो रही हैं। इसके बावजूद ऊर्जा निगम, जल संस्थान और बीएसएनएल की टीमें व्यवस्थाएं बनाने में जुटी हुई हैं। साथ ही धाम में पुख्ता इंतजाम करने के लिए प्रशासन व पुलिस को कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। केदारनाथ यात्रा के लिए गौरीकुंड से केदारनाथ तक करीब 10 हजार यात्रियों के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। साथ ही अन्य निजी आवासीय भवनों में भी यात्रियों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। मौसम को देखते हुए ही यात्री यात्रा का आने का कार्यक्रम बनाएं।

## परफेक्ट डायनामिक्स के श्रमिकों का फैक्ट्री गेट पर धरना जारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित परफेक्ट डाइनामिक्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड मजदूर यूनियन के 41 मजदूर आज 9 वे दिन भी फैक्ट्री गेट के आगे ड्यूटी का इंतजार करते हुए धरने पर बैठे रहे। यूनियन के संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह ने कहा कि गत 21 अप्रैल को कंपनी ने अपना नाम परफेक्ट डाइनामिक्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री से बदलकर समाज आटोमोटिव रख दिया और साथ ही 41 स्थाई मजदूरों को काम से निकाल दिया। जबकि प्रबंधन द्वारा ऐसा करना श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन कानूनों के खुले उल्लंघन के बाद भी खामोश है। मजदूर सुबह से शाम तक भरी धूप में प्रशासन द्वारा कार्यवाही के इंतजार में कंपनी गेट के आगे बैठे रहते हैऔर इंतजार करते हैं कि प्रशासन आएगा और मजदूरों को वापस काम पर रखवाएगा। उन्होंने बताया श्रम विभाग में दो बार की वार्ता में श्रम अधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन को निर्देश दिए लेकिन मजदूरों को राहत देने के नाम पर अभी तक कार्यवाही नहीं की। जबकि प्रबंधन ने ठेके के अनट्रेंड मजदूरों से भारी मशीनों पर 21 अप्रैल से ही काम कराना शुरू कर दिया है। ऐसा करना श्रम कानूनों का उल्लंघन है। लगता है कि कंपनी प्रबंधन को श्रम कानूनों का उल्लंघन करने की पूरी छूट शासन प्रशासन ने दी है। कंपनी गेट के आगे धरना दे वालों में जीवन राम,जयप्रकाश, गौरी शंकर, केशव प्रसाद ,धर्मेंद्र पटेल, चरण सिंह,रंजन कुमार, ललित सिंह रावत,जगदंबिका प्रसाद,उदय पाल सिंह,ओम प्रकाश, श्रवण कुमार, पुरुषोत्तम, राजेश कुमार, जसवंत कुमार, यशपाल, अजीत गंगवार, लक्ष्मण सिंह, राकेश कुमार, सत्यपाल सहित 41 श्रमिक उपस्थित थे।



## अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सल्ट ने 3 बोतल व 96 पव्वे अवैध शराब के साथ 1 तस्कर को गिरफ्तार किया है। थाना सल्ट पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्याहीलैण मैठानी तिराहा सल्ट पर रमेश चंद्र पुत्र गोविन्द बल्लभ निवासी ग्राम डढरियाथाना सल्ट के कब्जे से 3 बोतल अंग्रेजी व 96 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना सल्ट में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह शराब को अपने गांव में ऊंचे दामों में बेचकर अधिक पैसा कमाने के लिए लेकर जा रहा रहा था। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, संजू कुमार, कांस्टेबल मो0 मंसूर आदि शामिल थे।




## ऋषिकेश में आयोजित होने वाले यूथ-20 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत 05 मई, 2023 को एम्स, ऋषिकेश में आयोजित होने वाले यूथ-20 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गयी। मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 इण्डिया शिखर सम्मेलन में देश के सभी राज्यों सहित विश्वभर के युवा प्रतिभाग करेंगे। एक पर्यटन प्रदेश होने के नाते हमारे पास प्रदेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक सुन्दरता को देश और विदेश तक पहुंचाने का यह सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों का स्वागत और रहने आदि की व्यवस्था उचित प्रकार से की जानी चाहिए। देश और विदेश से आने वाले सभी प्रतिभागियों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों में हेल्प डेस्क उपलब्ध करायी जाए, ताकि उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। मुख्य सचिव ने पर्यटन, कृषि और उद्योग विभाग को कार्यक्रम के दौरान स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने ऋषिकेश में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रूप से चलाने हेतु विशेष प्रबन्ध करने एवं प्रतिभागियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के इंतजाम भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री दिलीप जावलकर, डॉ.बी.वी. आर.सी. पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव श्री सी. रविशंकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## क्लस्टर विद्यालयों में समुचित मात्रा में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग के साथ क्लस्टर विद्यालय के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कहा कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित क्लस्टर विद्यालय शिक्षण अधिगम को गुणवत्तापरक एवं रूचिकर बनाने के उद्देश्य से विकसित किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि इन क्लस्टर विद्यालयों में समुचित मात्रा में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक स्कूल के लिए आने वाले समय में अधिकतम छात्र संख्या के अनुरूप मास्टर प्लान तैयार किया जाए। क्लस्टर स्कूल में समस्त आधुनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूल, जो दूरस्थ क्षेत्रों में हैं उनके लिए आवासीय स्कूलों की व्यवस्था की जाए। आवासीय स्कूलों को पर्वतीय जनपदों के छोटे शहरों में खोला जा सकता है। ऐसे में उन आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों को अपने परिवार के साथ रहने में सुविध ा होगी। इस अवसर पर महानिदेशक माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी, अपर सचिव शिक्षा श्री योगेन्द्र यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# प्रभारी मंत्री रेखा आर्य ने संवासिनियों का जाना हालचाल, खाद्य गोदाम का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने हल्द्वानी स्थित महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र पहुंचकर केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने महिला कल्याण केंद्र में निवासरत संवासिनियों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना। जहां के प्रति गंभीर है और उन्हें समाज की मुख्यधधारा में लाने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। वही प्रभारी मंत्री ने रसोईघर, कक्षों, शौचालय आदि का निरीक्षण किया।इस दौरान हल्द्वानी स्थित पुर्नवास केंद्र में शिशु सदन ना होने पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इसका प्रस्ताव मंत्री रेखा आर्या ने खाद्य गोदाम का निरीक्षण भी किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी जरूर व्यवस्थाओं को जल्द बेहतर करने के निर्देश दिए।कहा कि सरकार खाद्य योजना के तहत जरूरतमंदों





कुछ संवासिनियों ने अपनी- अपनी विभिन्न समस्याओं से मंत्री रेखा आर्या को अवगत कराया।जिनके निस्तारण के निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि सरकार संवासिनियों बनाकर साशन को भेजा जाएगा ताकि बच्चो को अन्यत्र ना भेजना पड़े,साथ ही उन्होंने स्थित बिल्डिंग के मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा। नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में आज प्रभारी को खाद्यान उपलब्ध कराती है ऐसे में गोदामों में सभी चीजें ठीक होनी चाहिए ताकि अनाज को किसी भी प्रकार का नुकसान ना हो।इस अवसर पर विभागीय अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विख्यात रंगकर्मी जया पांडे ने महिला रामलीला कलाकारों को किया सम्मानित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। बैंगलोर से आई वरिष्ठ रंगकर्मी, ब्लॉगर, कलाप्रेमी जया पांडे ने कर्नाटक खोला की महिला रामलीला के कलाकारों को सम्मानित किया। विदित हो कि जया पांडे एक विख्यात ब्लॉगर हैं जो पूरे विश्व में भ्रमण कर संगीत, कला, प्रकृति संस्कृति, पर्यटन आदि विषयों पर बड़े सुंदर लेख लिख चुकी हैं।जया पांडे जी का कुमाऊं की को भी सम्मानित करते हुए कहा कि श्री कर्नाटक के द्वारा कर्नाटक खोला में जिस तरह से बड़े भव्य तरीके के साथ हमारी रामलीला को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है वह काबिले तारीफ है।इसके साथ ही विगत वर्ष से उनके द्वारा कर्नाटक खोला में जो महिला रामलीला की शुरुआत की गई है वह अपने आप में रामलीलाओं के लिए एक बड़ा सराहनीय कदम है।उन्होंने कहा कि बड़े उन्होंने कहा कि श्री कर्नाटक के द्वारा जिस तरह से रामलीला को भव्यता के साथ जारी रखा गया है वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए भी हर्ष का विषय है। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला की तरफ से बिट्टू कर्नाटक ने उन्हें अंग वस्त्र एवं कुमाऊनी पिछोडा देकर सम्मानित किया।जया पांडे के द्वारा कर्नाटक खोला रामलीला की प्रत्येक महिला कलाकारों को एवं वरिष्ठ



संस्कृति से बेहद लगाव रहा है। इसके साथ ही हिंदुस्तान की संस्कृति, इतिहास, परंपराओं से वे काफी प्रभावित रही है।आज अल्मोड़ा पहुंचकर उन्होंने कर्नाटक खोला की रामलीला की जमकर सराहना करते हुए महिला रामलीला के पात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर जया पांडे ने रामलीला कमेटी कर्नाटक खोला के संयोजक एवं संस्थापक बिट्टू कर्नाटक प्रसन्नता का विषय है कि आज के समय में हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर, हमारी रामलीला को वर्ष प्रतिवर्ष जो भव्यता कर्नाटक खोला का रामलीला मंच प्रदान कर रहा है वह सबके लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने बेंगलोर में भी अल्मोड़ा की कर्नाटक खोला की रामलीला की प्रशंसा लोगों से सुनी है एवं टीवी, सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से इसे स्वयं महसूस किया है। रंगकर्मीयों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री राम लीला कमेटी कर्नाटक खोला के संयोजक बिट्टू कर्नाटक, देवेंद्र प्रसाद कर्नाटक, करनकर्नाटकरोहित शैली, जरनल दीपक पोखरिया, हेम जोशी, डा०विद्या कर्नाटक, रश्मि कांडपाल, गौरव अवस्थी, प्रकाश सिंह मेहता सहित अनेकों कलाकार, रंगकर्मी, कला प्रेमी उपस्थित थे।

# राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों भी अब पेंशन के हकदार

देहरादून। राज्य आंदोलन के दौरान सात दिन जेल गए अथवा घायल हुए आंदोलनकारियों से इतर चिह्नित आंदोलनकारियों के आश्रित पति या पत्नी भी अब पेंशन के हकदार हो गए हैं। यह पेंशन उन्हीं आश्रितों को मिलेगी, जिन आंदोलनकारियों की मृत्यु एक जून, 2016 से पहले हो चुकी है। उन्हें प्रतिमाह 4500 रुपये पेंशन देने का निर्णय लिया गया है। इन आश्रितों को अभी तक पेंशन के दायरे में नहीं लिया गया था। अलग चिह्नित किए गए आंदोलनकारी, जिनकी मृत्यु एक जून, 2016 को पेंशन स्वीकृत होने का शासनादेश जारी होने से पहले हो चुकी है, उनके आश्रित पति या पत्नी को अब पेंशन मिलेगी। पहले यह आश्रित पेंशन 3100 रुपये प्रतिमाह थी। 17 दिसंबर, 2021 के शासनादेश में पेंशन राशि को बढ़ाकर प्रतिमाह 4500 रुपये किया गया है।

# महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा वार्ड नं. 13 खेड़ा स्थित मदरसा वरजते फातमा इलामियां एकमी में सिलाई, कटिंग एवं टेलरिंग का शुभारम्भ किया गया। शिविर में उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम की ओर से अल्पसंख्यक समुदाय की 30 महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर मदरसा के प्रबंधक डाक्टर शाहिब, अवताक हुसैन, आसिफ अहमद, सुनील, भाईचरा एकता मंच के अध्यक्ष केपी गंगवार, सीमा विश्वास, आशा मुंजाल,



कल्पना सक्सेना, आरती वैद्य, अनीता, अनन्या, इरशाद आलम, मीनू, सीमा शर्मा, पूजा, किरन पाल, मास्टर ट्रेनर शरीम जहां, शीरी अफसान, इसमा खान, रूबी खन, निशा, खतीजा, रोबिन बी, समा, हुजेफा, इफरा सेफी, इमराना, मेहनाज, सादिया, हुमा बी, नाजमी, तबस्सुम, शबनम, जोहरा बेगम, नूर समा, नगमा, उमेश कुमार, आदि मौजूद थे।

# डिस्ट्रिक कार्पोरेट टी 20 टूर्नामेंट शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार स्थित एमएस क्रिकेट मैदान में जननी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉर्पोरेट ज-20 टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने उद्धघाटन मैच की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। साथ ही खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर उन्हें शुभकानाए दीं।



इस अवसर पर जननी फाउंडेशन ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. सचिन पांडे, एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, समाजसेविका श्रीमती बरखा शर्मा, निशांत मेहता, मनोज बोरा, एडवोकेट पियूष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# आइएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य और एचओडी फूड प्रोडक्शन ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में आइएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ0 जगदीप खन्ना व एचओडी फूड प्रोडक्शन मनीष भारती ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान द्वारा मिलेट्स पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने उगाए जाने वाले प्रमुख मिलेट्स, उनकी उपयोगिता व आइएचएम द्वारा मिलेट्स से बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि ''मिलेट्स' जिसे हम मोटा अनाज भी कहते हैं, पौष्टिकता से भरपूर होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद भी हैं। कोरोना के बाद सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं और वे मिलेट्स खाद्य पदार्थों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सुपर भोजन है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को आगे बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को इससे होने वाले फायदों के बारे में बतायें। उन्होंने कहा कि मिलेट्स की पैदावार में किसानों को कम लागत में



उत्तराखण्ड में मिलेट्स अनाज के उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं, इसे आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान अच्छा मुनाफा मिलता है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन की जरूरत है, जिससे वे मोटे अनाजों का अधिकाधिक उत्पादन करें।

# मांगों को लेकर मुखर हुए फार्मेसिस्ट

बागेश्वर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन सरकार द्वारा अपनी लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से नाराज है, सरकार से पूर्व में हुई वार्ता में कर्मियों के साथ ठगी करने के आरोप लगाए, जिसके बाद फार्मेसिस्ट आंदोलन पर है। उन्होंने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन कर कार्य किया था, वही अपनी मांगों को लेकर फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के माध्यम से स्वास्थ्य महानिदेशक को ज्ञापन भेजा, ज्ञापन भेजने से पूर्व कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और जल्द मांगे नही माने जाने पर आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया, कहा कि मांगें पूरी होने तक वह आंदोलन जारी रखेंगे।संगठन के जिलाध्यक्ष आरएस कपकोटी के नेतृत्व में फार्मासिस्टों ने विरोध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन लंबे समय से अपनी15 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से मांग कर रहा है, वही केवल चुनावों के समय ही उन्हें लंबित मांगो के निराकरण का भरोसा दिया जाता है, जबकि कोविड के दौरान भी कर्मियों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में कोरोना उन्मूलन के लिए बेहतर कार्य किया था, आईपीएचएस मानक में पद कम हैं। सीएमओ के अंडर अब दो घंटे कार्य बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने अपनी मांगे जायज बताते हुए हक हमारा है मांग हमारी जायज है, मान जाओ मांग हमारी, अपना हक ले के रहेंगे का नारा बुलंद किया, इस मौके पर केवलांन्द धौनी, राजन प्रसाद आर्या, चीफ



63 पद वीआइपी ड्यूटी ले लिए एक्टिवेट थे, वो अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं। उन्होंने एडीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजकर कहा की सरकार द्वारा कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है, अब तक काला फीता बांधकर विरोध प्रर्दशन किया था। फार्मेसिस्ट पी सी तिवारी, अनिल कुमार, हरि प्रसाद, हरीश सिंह ऐठानी, बचे सिंह खाती, अनीता रावल, आरएस कपकोटी, कमलेश कुमार, प्रेमा साह, राजेश जोशी, सुरेंद्र शाही, हेमवंती नंदन, आरसी आर्या, आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने चन्दन राम दास को बताया कर्मयोगी

## भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री व बागेश्वर विधानसभा से सब लंबे समय से विधायक चंदन राम दास के निधन पर भारतीय जनता पार्टी ने सभी जिला मुख्यालय व मण्डलो में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किये, जिसमे उधम सिंह नगर में भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में आयोजित हुए श्रद्धांजलि सभा मे केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट व जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिवंगत केबिनेट मंत्री चंदनराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा मे रक्षा पर्यटन राज्य मंत्री ने सभा मे अपने विचार रखते हुए कहा कि चन्दनराम दास एक जमीनी नेता के रूप में उत्तराखंड में जाने जाते थे गांव गरीब की आवाज को सदैव प्रमुखता से उठाने वाले ओर अपने कार्य के प्रति सजग ईमानदार सदैव कर्मयोगी के रूप में उन्होंने अस्वास्थ्य होते हुए भी लगातार प्रदेश की सेवा की , ऐसी महान सख्शियत का हमारे बीच से अचानक जाना बहुत बडी क्षति है उसकी भरपाई कोई नही कर सकता। अजय भट्ट ने इस दुख की घड़ी में अपनी सवेदना उनके परिवार और उनके चाहने वाले के प्रति व्यक्त की ईश्वर इस कष्ट को सहने की हिम्मत दे। श्रद्धांजलि सभा मे जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने भी चन्दनराम दास के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया , उन्होंने कहा केबिनेट में मेरे सहयोगी ओर मिलनसार सरल स्वभाव उनकी पहचान थी, उनका इस प्रकार चले जाना कष्ट का विषय है, उन्होंने बागेश्वर की जनता की लंबे समय तक सेवा की ओर प्रदेश की जनता की एक अच्छे केबिनेट मंत्री के रूप में सेवा की , बीमारी के जूझने के बाद भी उन्होंने अपने कार्य को प्राथमिकता दी और प्रदेश हित मे लगातार कार्य करते रहे , उनका निधन मेरे लिये भी व्यक्ति छति है जोशी ने उनके निधन पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वही इस दौरान मौजूद कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल, विवेक सक्सेना, उत्तम दत्ता, सुरेश परिहार, जिला महामंत्री अमित नारग, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, राजेश तिवारी, के के दास, गजेंद्र प्रजापति, विनय बत्रा, धीरेंद्र मिश्रा, ललित मिगलानी, योगेश वर्मा, राजीव चौधरी, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, सोनू अनेजा, नरेश उप्रेती, राजेन्द्र श्रीधर, मुकेश वशिष्ठ, डी एन यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# जल संरक्षण हेतु स्कूली बच्चों की कार्यशाला का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवा अधिकारी रविंद्र सिंह के निर्देशन पर गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला द्वारा कैच द रेन फेज तीन के तहत राजकीय जूनियर विद्यालय बलराम नगर में कैच द रेन पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स



प्रतियोगिता में कक्षा 7 व 8 के सभी बच्चों ने प्रतिभाग किया कल्पना चावला युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला द्वारा सभी बच्चों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया तनीषा चावला ने कहा कि हम सभी जल का सदुपयोग करके जल का संरक्षण कर सकते हैं। प्रतियोगिता में विजई प्रतिभागियों को विद्यालय प्रधानाचार्य सविता सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया । तनीषा चावला द्वारा सभी बच्चों को जल संरक्षण जागरूकता के लिए पंफलेट का वितरण भी किया गया । कार्यक्रम में तमाम स्कूली बच्चे मौजूद रहे ।

# जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास जी के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए उनकी स्मृति में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्वर्गीय चंदन राम दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि 4 बार विधायक के रुप में तथा कैबिनेट मंत्री के रूप में स्वर्गीय चंदन राम दास द्वारा जनमानस में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई गई थी उन्होंने दिवंगत आत्मा



को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें पार्टी का एक योद्धा बताया जिनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को स्वर्गीय चंदन राम दास के निधन पर शोक जताते हुए 2 मिनट का मौन रखवाया । इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा ,मंडल मंत्री जीतू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल, मंत्री रवि सैनी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भुसरी, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर ,अनिल जेटली, जगदीश दिवाकर,जसवीर चीमा,गुलशन शर्मा,मंडल प्रभारी अमित सिंह,रणजीत सिंह, राजकुमार मिगलानी,अमन पासवान ,अभिषेक वर्मा ,कुणाल, संजीव अनेजा,नीशु छाबड़ा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कलस्टर रूप में तैयार हो उद्यान विकास की योजना: रीना जोशी

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। उद्यान विभाग की केंद्रीय योजना हॉर्टिकल्चर मिशन फार नॉर्थ ईस्ट हिमालयन स्टेट की कार्ययोजना को लेकर गठित समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा हॉर्टिकल्चर मिशन फॉर नॉर्थ ईस्ट हिमालयन स्टेट योजना के अंतर्गत जनपद हेतु तैयार की गई कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी के समक्ष किया गया। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में लीची, सेब,



आम आदि फल उद्यान विकास की योजना क्लस्टर के रूप में तैयार की जाय। इस हेतु जनपद में स्थानों क्षेत्रों का चिह्नीकरण कर लिया जाय तथा संबंधित क्षेत्र के किसानों को फल उत्पादन की ट्रेनिंग दी जाय।मुख्य उद्यान अधिकारी त्रिलोकी राय ने बताया कि जिला उद्यान विभाग द्वारा हॉर्टिकल्चर मिशन फोर नॉर्थ ईस्ट हिमालयन स्टेट योजना के तहत जनपद हेतु रूपये कुल 3 करोड़ 6 लाख 45 हजार की कार्ययोजना तैयार की गयी है। जिसके अंतर्गत फल पौध, सब्जी पौध, पॉली हाउस, मल्चिंग सीट, एन्टी हेलनेट, पावर ब्रीडर आदि की कार्य योजना तैयार की गई है। बैठक में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, लीड बैंक अधिकारी अमर सिंह ग्वाल, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा आदि उपस्थित थे।









# शिविर में 130 महादानियों ने किया रक्तदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद्, रुद्रपुर शाखा के द्वारा राजकीय रक्तकोष (पुराना अस्पताल कम्पाउन्ड) में रक्त की कमी होने पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सुनीता खेड़ा , गुंजन खेड़ा ,रेखा अरोरा ,प्रेरणा शर्मा एवं दिव्या अरोरा तथा उपस्थित अन्य महिला सदस्यों के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण करके दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद रक्तदान प्रारंभ हुआ रक्तदान में राष्ट्रीय प्रकल्प समिति सदस्य नरेंद्र अरोड़ा, शरद मोहन गुप्ता ,विशाल खेड़ा ,सुनीता खेड़ा, पारुल गुप्ता, प्रेरणा शर्मा , एकता बंसल, ज्योति दुनेजा, संजय ठुकराल,विशाल भुड्डी,अंकित छाबडा,सुनील डंग ,बॉबी टुटेजा, गौरव खुराना, सागर छाबड़ा, बृजमोहन बंसल, हिमांशु शुक्ला, आनंद अग्रवाल, हरीश बांगा बंटू, महेंद्र गोयल, राजीव छाबड़ा साहिल जहलोत्रा, विशु गुंबर, संदीप राव, विशाल भाटिया, दिनेश भट्ट , दीपक कुमार जैन, संजीव राय सहित कुल 130 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में अध्यक्ष विष्णु सक्सेना जी ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया गया। शिविर में उपाध्यक्ष पंकज बांगा,कैलाश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष केवल इशपुजनी ,हरनाम चौधरी,हरीश इशपुजनी, राजू गाबा ,अशोक सिंघल,संजय कुमार, गौरव सिंघल, संजीव अरोरा, मनोज अरोरा, अजय बंसल, राकेश बंसल, रोनिक नारंग, द्वारा रक्तदान भी किया गया एवम सहयोग भी किया गया ।रक्तदान संयोजक यमन बब्बर द्वारा शिविर में सहयोग हेतु शाखा की सदस्य वर्तिका जिंदल,सिम्मी साहनी, एडवोकेट दिवाकर पांडे जी, डा उप्रेती जी,चौधरी जी ,जितेंद्र जी, विवेक चौहान, अभिषेक, मधु गुप्ता, सतीश यादव, अनिल कुमार, अरुण कुमार मंडल, राहुल गंगवार, व समस्त ब्लड बैंक स्टाफ का धन्यवाद किया गया ।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# स्थानीय प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करें : रेखा आर्य

## जिला योजना समिति की बैठक में 64 करोड 98 लाख 14 हजार का परिव्यय अनुमोदित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला योजना की बैठक से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चंदन राम दास की आत्मा की शांति हेतु 02 मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई। प्रसार प्रशिक्षण केंद्र, बागजाला गौलापार में जनपद के सर्वागींण विकास हेतु वर्ष 2023-24 के लिए प्रभारी मंत्री श्रीमती रेखा आर्या की अध्यक्षता में 64 करोड 98 लाख 14 हजार का परिव्यय जिला योजना समिति की बैठक में अनुमोदित किया। जनपद के लिए अनुमोदित परिव्यय में से सामान्य के लिए 51 करोड 76 लाख 14 हजार, अनुसूचित जाति उप योजना के लिए 12 करोड 47 लाख व अनुसूचित जनजाति उप योजना के लिए 75 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया।' गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में रुपये 51 करोड़ 51 लाख परिव्यय के सापेक्ष वर्तमान वित्तीय वर्ष में 64 करोड 98 लाख 14 हजार का परिव्यय किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 जिला योजना में 26 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बैठक में अधिशासी अभियंता जलसंस्थान रामनगर के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के साथ ही वेतन रोकने के निर्देश प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करें साथ ही योजनाओं की मूल भावना को साकार रूप दिया जा सके इसके लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारी आपसी समन्वय से समाज हित में कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने जलसंस्थान व जलनिगम के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जलजीवन मिशन के अर्न्तगत हर घर को नल व जल उपलब्ध कराने के साथ ही विद्यालय व आंगनबाडी को भी पेयजल से आच्छादित किया जाना है। सम्बन्धित अधिकारी इस कार्य का परीक्षण भी कर लें। उन्होंने कहा जिला योजना के अन्तर्गत जो नये कार्य के प्रस्ताव लिये जा रहे हैं उन्हें निर्धारित अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई कि उरेडा द्वारा क्षेत्र में स्थापित सोलर लाईट पर कम्प्लेन नम्बर रहता है जिससे कि लाइट में खराबी आने पर सूचित किया जा सके किंतु अधिकतर नम्बर पर सम्पर्क नहीं हो पाता। इस सम्बंध में प्रभारी मंत्री ने परियोजना अधिकारी उरेडा को इस वर्ष स्थापित होने वाली लाइट में विभागीय नम्बर अंकित करने को कहा जिससे किसी भी प्रकार की खराबी आने पर आमजनमानस विभाग को सूचित कर सके जिससे विभाग अपने स्तर से सम्पर्क कर समस्या का निवारण कर सके। बैठक में सचिव,जिला योजना समिति/जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि जिला योजना 2023-24 में माध्यमिक शिक्षा में 02 करोड़ 15 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है जिससे जनपद के 24 विद्यालयों में लगभग 31 लाख की लागत से शिक्षा के उन्नयन हेतु डिजिटल क्लासरूम बनाए जाएंगे। विज्ञान में रुचि लेन वाले विद्यार्थियों के लिए उन्नत उपकरणों का प्रयोगशाला में समावेश किया जा रहा है। जनपद के 11 इंटर कॉलेज को 37 लाख की लागत से प्रयोगशाला के उपकरण दिए जायेंगे। साथ ही 20 हजार बच्चों के लिए कुमाऊँनी बोली कि पुस्तक का भी प्रावधान किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष से नए कार्य हेतु जियो टैगिंग को अनिवार्य किया गया है जिससे कार्य की भौतिक प्रगति के आधार पर ही द्वितीय किश्त जारी की जायेगी। उन्होंने बताया कि अमूमन योजना समय पर पूरी होकर जनप्रयोग में आ सके इसके लिए सुनिश्चित किया गया है कि हर हाल में 02 वर्ष में योजना परिपूर्ण हो जाए। जिला योजना में पलायन को रोकने, स्वरोजगार हेतु 10 प्रतिशत, कृषि एवम कृषि सम्बद्ध क्षेत्र में 15 प्रतिशत की धनराशि अनुमोदित की गई है व इस वर्ष 14 करोड़ की लागत से नए कार्य के प्रस्ताव जिला योजना में शामिल किए गए है। जिला अर्थसंख्याधिकारी डा0 मुकेश नेगी ने बताया कि जिला योजना समिति की बैठक में विभागवार परिव्यय लोनिवि 08 करोड़ 25 लाख,कृषि विभाग को 02 करोड़ 15 लाख, उद्यान विभाग को 04 करोड़ 21 लाख, पशुपालन 03 करोड़ 15 लाख, निजी लघु सिंचाई 03 करोड़ राजकीय सिंचाई 03 करोड़ 75 लाख, पर्यटन 04 करोड़ 50 लाख, माध्यमिक शिक्षा 02 करोड़ 15 लाख , प्राथमिक शिक्षा 02 करोड़, खेलकूद 01 करोड़ 50 लाख, युवा कल्याण 05 करोड़ 20 लाख, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य 02 करोड़ 90 लाख, पेयजल निगम 02 करोड़, जल संस्थान 04 करोड़ 30 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक डा0 मोहन सिंह बिष्ट, दीवान सिंह,सरिता आर्या,राम सिंह कैडा, सुमित हृदयेश, उपाध्यक्ष आन्नद सिह दरम्वाल, ब्लाक प्रमुख गीता बिष्ट,कमलेश कैडा, रेखा रावत,रूपा देवी,पुष्पा नेगी, रवि कन्याल, डा हरीश बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य मीना चिलवाल, भावना कमलेश, नरेन्द्र चौहान, कमलेश बिष्ट, दीपक मेलकानी, किशारी लाल, सदस्य सैफी रूबीना के साथ ही एसएसपी पंकज भटट, मुख्य विकास अधिकारी डा0 संदीप तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 बीएस जंगपांगी, मुख्य उद्यान अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत,प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, अपर जिला संख्याधिकारी बीएस राणा, कमल मेहरा, निजी सचिव एल एस नगरकोटी, के साथ ही जिला पंचायत सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




# भाजपाईयों ने चंदन राम दास को दी श्रद्धांजलि

बागेश्वर(उद संवाददाता)। द्वाराहाट में जन्मे बागेश्वर की राजनीति में चमके दिवंगत मंत्री स्व.चंदन राम दास के आकस्मिक निधन के बाद राज्य में शोक की लहर है। चार बार विधायक रहे स्व चंदन राम दास के कैबिनेट मंत्री बनते ही जो परिवहन विभाग हमेशा घाटे में रहता था। घाटे से उभरकर मुनाफे में चलने लगा था। समाज कल्याण मंत्री रहते पति और पत्नी को दोनों को वृद्धा पेंशन सहित सरकार में कभी भी किसी जनहित के मुद्दे के समाधान के लिए सरकार को एक चिकित्सक की तरह परामर्शदाता के रूप में अग्रणी कार्य करने वाले जननेता, हंसते मुस्कुराते हुए जनता, अधिकारियों से बेहतर संवाद, वाकपटुता और विलक्षण प्रतिभा के धनी नेता को देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर,अल्मोड़ा, चंपावत,उधमसिंहनगर सहित अन्य जिलों में सभी दलों के कार्यकर्ताओं व्यापारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया, वही बागेश्वर में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष बबलू नेगी के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें उद्योग व्यापार मंडल नगर व्यापार मंडलनगर अध्यक्ष कवि जोशी, हरीश सोनीव क्षेत्र के व्यापारियों ने प्रतिभाग कर शोक जताया।वही बागेश्वर के गरुड़ मंडल में स्व.दास के रणनीतिकार, और लक्ष्मण की भूमिका में माने जाने वाले पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन हुआ। शोकसभा में भाजपाइयों ने क्षेत्र और जिले के विकास में उनके योगदान की सराहना की। वही शोकसभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनकी याद में दो मिनट का मौन व्रत किया। और श्रद्धांजलि दी।इस दौरान ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट,जिप सदस्य भावना दोसाद, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,मंडल अध्यक्ष मंगल राणा,डीके जोशी,इंद्र सिंह बिष्ट,देवेंद्र गोस्वामी,सुनील दोसाद, पूर्व राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट,हरीश रावत,महिला मोर्चा महामंत्री हेमा पंत,नवीन खोलिया,महेश बिष्ट,अभय नेगी,आदि मौजूद थे।वही राज्य पेंशनर संगठन के अध्यक्ष केशवानन्द जोशी, बहादुर सिंह परिहार, नारायण सिंह,बालदत्त तिवारी,चरण सिंह बघरी,आदि ने भी शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।










# डीएम ने गेहूँ क्राप कटिंग कर काश्तकारों का बढ़ाया मनोबल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शुक्रवार को राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र के ग्राम बिलखेत में गेहूँ क्राप कटिंग का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत निवासी किसान जैत सिंह के चयनित खेत में निर्धारित 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर फसल गेहूँ की कटिंग की गई। फसल कटाई का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2022-23 में गेहूँ की औसतन उपज का अनुमान लगाना है।वर्तमान मौसम रवि-2023 में शासन द्वारा फसल गेहूँ पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू है। बीमित किए गए किसानों को फसल क्षति होने पर बीमा की धनराशि का भुगतान फसल उत्पादन के आधार पर किया जाता है। क्राप कटिंग प्रयोगो के आधार पर ही प्राप्त पैदावार के आंकडों से ही फसलों की क्षति का आंकलन किया जाता है। निर्धारित 30 वर्ग मी. प्लाट में गेहूँ फसल पर कुल 14.200 किलो गेहूँ की(बालिया)उपज प्राप्त हुई। ड्राई रेशियों 56 प्रतिशत लगाने पर कुल शुद्ध उपज (गुहाई के उपरांत ) 7.950 किलो प्राप्त होगी।निरीक्षण के दौरान प्रधान वलना दयाकृष्ण खोलिया ने ग्राम पंचायत में क्षतिग्रस्त पंचायत भवन निर्माण कराने, गैराड मोटर मार्ग का विस्तारीकरण, प्राथमिक विद्यालय बिलखेत तक सीसी मार्ग व पुलिया निर्माण कराने, भुय्या गधेरे में पुलिया निर्माण, आगनबाडी बिलखेत व खूना का भवन निर्माण के साथ ही आंगनबाडी बिलखेत में कार्यकत्री तैनाती कराने ,हाईस्कूल गैराड का उच्चीकरण कराने, प्राथमिक विद्यालय बिलखेत में स्थायी अध्यापक नियुक्त कराने, वलना क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र स्वीकृत कराने सहित जंगली जानवरों से फसल नुकसान बचाने के लिए घेर-बाड कराने का अनुरोध किया।इस दौरान अपर संख्याधिकारी विनोद किस्वाण, राजस्व उपनिरीक्षण, ग्राम प्रधान दयाकृष्ण खोलिया सहित किसान मौजूद थे।



# श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाए करने में जुटी आयोजन समिति

कपकोट (उद संवाददाता)। सरयू घाटी के प्रख्यात तीर्थ भद्रतुंगा में तीन मई से शुरु हो रहे नौ दिवसीय कुर्माचल लघु अर्द्धकुम्भ की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैंस शुक्रवार को क्षेत्र के एकल विद्यालयों की महिला आचार्यो ने हवन यज्ञ के काम आने तिलों को पानी से धोया और उन्हें धूप में सुखाकर भण्डारगृह में रखास आज से महायज्ञ के लिए दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के रात में रहने की सुविधा के टेंटों का निर्माण कार्य भी शुरु हो गया हैस संत महात्माओं के आवागमन से श्री स्वामी संत रामानंद आश्रम की रौनक भी देखते ही बन रही है। शुक्रवार को सरयू घाटी के विभिन्न एकल विद्यालयों की महिला आचार्यो में यशोदा टाकुली, मीरा, प्रेमा, गंगा, हेमा, प्रेमा, आनंदी आदि ने हवन यज्ञ के काम आने वाले तिलों को धोकर सुखायास पीएमजीएसवाई की निर्माणधीन तरसाल-सूपी सड़क से क्षतिग्रस्त श्री हनुमान मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा हैस लोकेश और गुड्डू टाकुली के नेतृत्व में बाहर से आने वाले साधु संतों के रात में रहने की सुविधा के मैदान में टेंट लगाने का काम तेजी से चल रहा हैस श्री स्वामी संत रामानंद आश्रम के श्री महंत देवानंद दास ने बताया कि श्री राम महायज्ञ के लिए गुजरात, राजस्थान, उज्जैन, अयोध्या, बुलंदशहर, हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तरकाशी और केदारनाथ से 50 से अधिक संत पहुंच चुके हैंस बागेश्वर और कपकोट आदि क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे के लिए एकत्रित आटा, चावल, तेल, चाय चीनी और अन्य सामग्री आश्रम पहुंचनी शुरु हो चुकी हैस महामंडलेश्वर अभिराम दास तैयारियों पर पैनी नजर रखे हुए हैस वह रोजाना शाम को कार्यो का मौका मुआयना करके कारिंदों का मार्गदर्शन करते हुएआश्रम में आयोजित सत्संग में भगवान श्री राम द्वारा स्थापित आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला, और लोगों से आदर्शो का अनुसरण करते हुए महामंडलेश्वर ने सरयू के अवतरण के बारे में बतायास संचालन समिति के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल, ब्लॉक प्रमुख गोविन्द दानू और सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण देव ने यहां चल रही तैयारियों का बारीकी से समीक्षा कीस वहां सूपी के प्रधान तारा सिंह टाकुली, बैछम नरेंद्र सिंह, रिखाडी जगत सिंह, बीडीसी सदस्य चरण सिंह टाकुली थे।




उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिला पहलवानों का आंदोलन

बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोपों के संदर्भ में अब तक कार्रवाई नही होने की स्थिति में महिला पहलवानों को आंदोलन तक का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। काफी जद्दोजहद के बाद शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्लूएफआइ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और धमकी देने के आरोपों पर वह प्राथमिकी दर्ज करेगी। गौरतलब है कि बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोपों के संदर्भ में अब तक कार्रवाई न होने की स्थिति में महिला पहलवानों को आंदोलन तक का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। हालांकि कुछ समय पहले जनवरी में भी पीड़ितों की ओर से पहली बार इन आरोपों के साथ सार्वजनिक रूप से अपना विरोध और दुख जाहिर किया गया था। मगर तब केंद्रीय युवा और खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर की ओर से उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने के आश्वासन पर महिला पहलवानों ने अपना विरोध वापस ले लिया था। लेकिन विडंबना यह है कि तीन महीने के बाद भी इस मसले पर कोई सक्रियता नहीं दिखी और पीड़ितों को एक बार फिर दिल्ली के जंतर मंतर पर अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करना पड़ा।जब उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआइआर के उनके अनुरोध पर तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर कहा कि मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया है, तब जाकर अदालत को प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बारे में सूचित किया गया। जाहिर है, पुलिस ने अब जिन शिकायतों पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही, उनके कानूनी रूप से ठोस आधार थे। सवाल है कि आखिर क्या कारण रहे कि इस मसले के उठने के बाद से ये आधार मौजूद होने के बावजूद दिल्ली पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू करने में इतना लंबा वक्त लगाया। हैरानी की बात यह है कि इस मामले में शिकायत सामने आने पर संवेदनशील तरीके से कार्रवाई करने के बजाय पुलिस की ओर से यहां तक कहा गया कि प्राथमिकी दर्ज करने से पहले आरोपों की जांच करने की जरूरत होगी।क्या पुलिस इस तरह की सभी शिकायतों के मामले में ऐसा ही मानदंड अपनाती है? अगर कानून सबके लिए बराबर है, तो अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सक्रियता के पैमाने अलग-अलग क्यों हो जाते हैं? क्या यह अपने आप में आरोपी को बचाने की कोशिश और कानून के शासन को सवालों के कठघरे में खड़ा करना नहीं है? यह बेवजह नहीं है कि इस समूचे मामले में पुलिस के रवैये पर सवाल उठ रहे हैं कि वह पद और कद को देख कर कार्रवाई का स्तर तय करती है।हालांकि बृजभूषण शरण सिंह अगर अपने ऊपर लगे यौन-उत्पीड़न के आरोपों से इनकार कर रहे हैं तो सबसे पहले उन्हें संगठन और अपनी गरिमा का खयाल रखते हुए कोई स्पष्ट फैसला आने तक के लिए अपने पद से हट जाना चाहिए था और कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए था। लेकिन जो हो रहा है, वह सबके सामने है। दरअसल, इस समूचे प्रसंग में एक अहम पक्ष यही है कि जिस कद और पद के व्यक्ति के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, उसमें अपेक्षया ज्यादा शिद्दत से कार्रवाई की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक सबसे महत्त्वपूर्ण खेल के रूप में कुश्ती के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने की कमान जिस व्यक्ति के हाथ में है, अगर वही यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य आरोपों के कठघरे में खड़ा है, तो उसके नेतृत्व में इस खेल और इसके खिलाड़ियों के भविष्य की कल्पना ही की जा सकती है। जरूरत इस बात की है आरोपी के रसूख पर ध्यान न देकर पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस और कानून अपना काम ईमानदारी से करे।

# सरलता से परिभाषित होता है प्रेम!

ईमानदारी से जाँचना भी नहीं है कि हम जिसको प्यार कह रहे हैं वो क्या है, उसमें कितनी असलियत है, कितना धोखा है, उसमें कितना मन है, और कितनी आत्मा है; इसकी कोई जाँच पड़ताल करनी नहीं है तो कह दो कि प्रेम की तो कोई सर्वमान्य, सार्वजनिक परिभाषा होती नहीं, तो फिर उसे प्रेम का शब्द दे दिया जाता है । ऐसे और भी कई सवाल हैं, जहाँ कहा गया है कि, "साहब! प्यार को अल्फाज में कुछ बोला नहीं जा सकता, प्यार तो सिर्फ एक एहसास होता है, एक अनुभूति



होती है, एक फीलिंग होती है, और प्यार तो प्यार करने वाला ही जानता है, प्यार सबके लिए अलग-अलग होता है; तो आप क्यों फिर हमको चुनौती देते रहते हैं नहीं, ऐसा बिलकुल भी नहीं है कि प्यार की कोई परिभाषा नहीं होती है। ये दो कौड़ी की शायरी से थोड़ा ऊपर उठोगे, द्रष्टाओं के पास जाओगे, ज्ञानियों के पास जाओगे, तो वो तुमको बताएँगे कि निश्चित रूप से प्रेम की परिभाषा होती है और बड़ी सरल परिभाषा होती है। प्रेम प्रेम सब कहें, प्रेम न जाने कोय। जा मारग साहब मिलें, प्रेम कहावे सोए।। तो तुम में से जिन भी लोगों को ये गलतफहमी है कि प्रेम की कोई परिभाषा नहीं होती, वो इन पंक्तियों को अच्छे से समझ लें, दोहरा लें, रट ही लें, भीतर बस जाने दें, खून में बहने लगे ऐसा कर लें। प्रेम प्रेम सब कहें ये हमारा हाल है, पूरी दुनिया का हाल है, जिसको देखो वही प्रेम-प्रेम कर रहा है, सब आशिक हुए पड़े हैं। प्रेम प्रेम सब कहें, प्रेम न जाने कोय-लेकिन प्रेम जानता कोई नहीं है।इसलिए नहीं कि प्रेम जाना ही नहीं जा सकता, जैसा तुमने सवाल में कहा कि, "प्यार की तो कोई परिभाषा होती नहीं । सिर्फ एहसास है ये, रूह से महसूस करो।" अब एहसास भीतर क्या हो रहा है वो भी पता नहीं, रूह तुम्हारी किसी ने देखी नहीं, तो तुम भी इस तरीके की बात का फायदा उठाकर कहते हो कि "प्यार तो सिर्फ एक एहसास होता है न, एक भीतर की भावना; तो हमें भी हो गया है।" नहीं, ऐसा नहीं है। जब कह रहे हैं 'प्रेम ना जाने कोय' तो आगे भी बात कही गयी है। जा मारग साहब मिलें- जिस रास्ते पर चलके साहब, साहब' माने वो जो सबसे ऊँचा हो सकता है तुम्हारे भीतर, 'जा मारग साहब मिलें प्रेम कहावे सोए। जिस रास्ते पर चलकर तुम जिंदगी की ऊँचाइयाँ हासिल कर सको, जिस रास्ते पर चलकर तुम वो बेहतर-से-बेहतर इंसान हो सको, जिस रास्ते पर चलकर तुम्हारी चेतना साफ-से-साफ और ऊँची-से-ऊँची जगह पर पहुँच सके, 'प्रेम कहावे सोय', उसको प्रेम कहते हैं और बाकी ये इधर-उधर की जो हरकतें हैं-इसको पकड़ लिया, उसको छोड़ दिया; ये मिल गया हँस दिए, ये मिल गया रो दिए ये प्रेम नहीं कहलाता है। तो प्रेम की परिभाषा निश्चित रूप से होती है। न जाने कहाँ से तुम लोगों ने ये ब्रह्म-वाक्य पकड़ लिया है कि प्रेम परिभाषित नहीं किया जा सकता। ये फिल्मी बातें हैं, इनसे बाहर आओ कि प्रेम की कोई परिभाषा नहीं होती; प्रेम की परिभाषा निश्चित रूप से होती है। बस जिन्होंने जानकर, समझ कर परिभाषित किया, तुम्हारी जिंदगी में उनके लिए कोई जगह नहीं है। तुम ऐसी जिंदगियाँ जी रहे हो जिसमें इधर-उधर के छोटे-मोटे लेखक या वक्ता हो गए, इन सब की बातों के लिए तो तुम्हारे जीवन में, मन में स्थान है। पर जो असली लोग थे, जिनके दम पर पूरा दर्शनशास्त्र खड़ा है, जिनके दम पर सारे धर्म खड़े हैं शताब्दियों से, जिनके धर्म पर पूरा अध्यात्म है, जिन्होंने इंसान को इंसान बनाया, उनसे तुम्हारा कोई परिचय नहीं, उनसे तुम दूर-दूर, कटे-कटे रहते हो तो फिर उनकी बात भी तुम्हें पता नहीं। फिर तुम इस तरह की अनाड़ीपने की बातें करते हो कि प्रेम की तो परिभाषा होती नहीं। और कितना झूठा है हमारा प्रेम, ये इसी से समझ लो कि आगे और कहा है-छिन चढ़े छिन उतरे, सो तो प्रेम ना होय। अघट प्रेम पिंजर बसे, प्रेम कहावे सोए। आया है अभी, और चला भी गया उसको प्रेम नहीं कहते। तो सीधी एक पहचान हो गई प्रेम की , वो प्रेम जो हो गया वो प्रेम हो ही नहीं सकता। वो प्रेम जो आया है जीवन में, वो प्रेम नहीं हो सकता, कि तुम कहो कि एक व्यक्ति आया मेरे जीवन में तो मुझे प्यार मिल गया है, झूठी बात। या तुम कहो कि एक व्यक्ति मेरे जीवन से चला गया तो मेरा प्यार छिन गया, बराबर की झूठी बात। प्रेम किसी घटना का, किसी व्यक्ति का नाम नहीं है। प्रेम किसी अफसाने का, किसी कांड का, किसी अफेयर का नाम नहीं है। प्रेम तुम्हारी चेतना की मूल तड़प का नाम है। वो हमेशा से है तुममें, इसीलिए प्रेम आएगा नहीं क्योंकि तुम पैदा हुए उस तड़प के साथ। जब पैदा ही हुए हो उसके साथ तो फिर वो बाद में थोड़े ही तुम्हारे जीवन में प्रवेश करेगा, वो तो पैदा होने के क्षण से है। इसी तरीके से, मरते समय तक ज्यादातर लोगों में वो तड़प, बौनी बनी और बची ही रह जाती है। तो वो लगातार भीतर एक कशिश है, लगातार भीतर एक असमंजस की और ऊहापोह की और संशय की और अविश्राम की स्थिति है। जैसे भीतर कुछ घुटता सा रहता है, भीतर कुछ अपूर्ण है जो कह रहा है कि ठीक से जिया नहीं जा रहा, साँस नहीं आ रही, तकलीफ है भीतर-वो कहलाती है 'विरह'। वो ही प्रेम का दूसरा नाम है। हम सबको कुछ ऐसा चाहिए जो हमें शांत कर दे। हम सबको कुछ ऐसा चाहिए जो हमें एक आखिरी चौन तक, विश्राम तक पहुँचा दे, वो प्रेम है। 'जा मारग साहब मिलें'- जिस रास्ते पर चलकर के तुम अंतिम मुक्ति, शांति, ऊँचाई पा लो, उसका नाम प्रेम है। एक अंधविश्वास होता है भीतर का। भीतर का अंधविश्वास होता है जब तुम्हें भीतर का कोई ज्ञान नहीं होता। आध्यात्मिक ज्ञान नहीं है, आत्मज्ञान नहीं है। तुम कौन हो? मन तुम्हारा कहाँ से आता है, कहाँ को जाता है, कैसे चलता है? इसका तुम्हें कुछ पता नहीं। तब तुम्हारे जीवन में जो कुछ चल रहा होता है, तुम उसके बारे में ठीक वैसे ही भ्रांति में रह जाते हो जैसे कि वो आदिवासी टीवी के बारे में भ्रांति में रह जाता है। भ्रांति समझते हो न? -भ्रम में। वो आदिवासी समझ रहा है कि टीवी में जो हो रहा है, वो टीवी के अंदर कोई वास्तव में है। आदिवासी को संगीत सुनाई पड़ रहा है, वो सोच रहा है टीवी के अंदर वास्तव में कोई खूबसूरत लड़की गाना गा रही है। वैसे ही तुम्हारे भी भीतर कुछ हो रहा है। तुम्हें भी लग रहा है कि तुम्हारे दिल में वास्तव में है कोई लड़की जो गाना गा रही है; दोनों अंधविश्वासी हो। आदिवासी को ये नहीं पता कि टीवी में कोई लड़की नहीं बैठी। और तुमको! ना हृदय का, ना दिल का मतलब पता है, ना प्रेम का मतलब पता है, ना स्त्री पुरुष क्या हैं, और उनमें वास्तविक भेद क्या है, और आकर्षण क्या है -ये पता है। तो तुम्हें लग रहा है, दिल के भीतर लड़की बैठी है, गाना गा रही है; दोनों अंधविश्वासी हो। बाहर का अंधविश्वास मिटाने के लिए बहुत सारे विश्वविद्यालय हैं और संस्थाएँ हैं और विज्ञान ने खूब तरक्की कर ली है। अच्छी बात है, बाहरी अंधविश्वास मिट रहा है। भीतर का अंधविश्वास मिटने की जगह और सघन होता जा रहा है हालाँकि हम इक्कीसवीं शताब्दी में बैठे हैं। वो ही जो भीतर का अंधविश्वास है वो हटे इसके लिए आध्यात्मिक ग्रंथों के करीब आना पड़ेगा। जब तुम एक तरफ तो ग्रंथों को पढ़ोगे और दूसरी तरफ अपने जीवन का ईमानदारी से और कड़ाई से अवलोकन करोगे, तब भीतर का अंधविश्वास हटता है।

**-आचार्य प्रशान्त वेदान्त मर्मज्ञ, लेखक पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संस्थापक, प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन**



# आपदा प्रबंधन की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। आगामी मानसून काल के आगमन को देखते हुए आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी रीना जोशी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, जलसंस्थान, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, एसएसबी, आईटीबीपी, आर्मी, बीआरओ, खाद्य व विकास आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़े विभाग लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्गो पर भू-स्खलन वाले चिह्नित स्थानों पर जेसीबी आदि मशीनें तैनात रखी जायें तथा मानसून काल में भू-स्खलन से मार्ग बाधित होने पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करते हुए तत्काल ही यात्रा मार्गों को सुचारू करने के कार्य किये जायें। उन्होंने कहा ऐसे निजी संस्थान जिनके पास जेसीबी आदि मशीनें उपलब्ध है उनके फोन नंबर भी एकत्रित कर रखे जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क स्थापित कर मशीनों को हायर किया जा सके। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ ही वन व राजस्व विभाग के अधिकारियों को जनपद के यात्रा मार्गो से सटे वैकल्पिक मार्गों को चिन्हित करने व झाड़ी आदि का कटान कर वैकल्पिक मार्गो को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि यात्रा मार्ग बाधित होने पर फसें लोगों को वैकल्पिक मार्गो द्वारा मुख्य मार्गो या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को मनरेगा के अंतर्गत निर्मित हेलीपैड की सूची लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि उनके द्वारा हेलीपैड का स्थली निरीक्षण कर उनकी स्थिति के बारे में पता लगाया जा सके।उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील भवनों का चिह्नीकरण करते हुए इन भवनों में निवासरत परिवारों को मानसून काल में अन्यत्र शिफ्ट किया जाए ताकि किसी प्रकार की जनहानि न होने पाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को शेल्टर हाउस के रूप में उपयोग होने वाले भवनों का स्थलीय निरीक्षण करने तथा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित सभी कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसएसबी व आईटीबीपी के कंट्रोल रूम के फोन नंबर भी एकत्रित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे स्कूल भवनों का चिन्हनीकरण कर लिया जाए जिनके भवन जर्जर स्थिति में है तथा बरसात होने पर इन भवनों में कक्षाओं को संचालित न किया जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों का भी चिह्नीकरण कर लिया जाय जहां स्कूली छात्र छात्राएं नदी पार कर स्कूल पहुंचते हैं। इन स्थानों पर बच्चों के सुरक्षित मार्ग से स्कूल पहुंचने या अन्य कार्य योजना तैयार की जाय। जिलाधिकारी ने विद्युत एवं जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून काल में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर उसे तत्काल दूरुस्थ किया जा सके इस हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की जाय। उन्होंने नगर निकायों के अधिकारियों को नगर क्षेत्रों में चौक पड़े नाले- नालियों की सफाई करने एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जनपद क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी लोकेश्वर सिंह, एडीएम फिंचाराम चौहान, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, एसीएमओ हेमंत कुमार मर्तोलिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एमसी तिवारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्वाला प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात कारणों के चलते एक विवाहित युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी और एक बच्ची को रोता बिलखता छोड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेंद्र मंडल पुत्र निरंजन मंडल(30)निवासी भगोड़िया ग्राम, थाना मुरतीहा जिला बहराइच उत्तर प्रदेश ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी । मृतक नरेंद्र हरिपुरा के एक फार्म हाउस पर पत्नी प्रियंका व बेटी अंजू के साथ रहता था। मृतक फार्म हाउस पर काम करके अपने परिवार की आजीविका चलाता था। बीते 10 दिनों से पत्नी और बच्ची मायके में रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हल्का प्रभारी महेश चंद्र का कहना है कि मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। महेश चंद का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है लेकिन फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कच्ची शराब सहित कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में श्मशान घाट की करीब कच्ची शराब के ठिकाने पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से भारी तादाद में अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए शराब बनाने के उपकरण कब्जे में लिए। कार्यवाही के दौरान एक कारोबारी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में व्यापक हड़कंप देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि शमशान घाट के समीप कुछ लोग कानून की आंख में धूल झोंक कर अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त है इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने उक्त स्थान की घेराबंदी कर रमपुरा निवासी करण सिंह पुत्र जगदीश सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से कच्ची शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला मग्गा आदि भी कब्जे में लिए। कोतवाली लाकर आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में जराएम कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मंदिर में हुई चोरी का खुलासा शातिर युवक को किया गिरफ्तार

टिहरी( उद संवाददाता)। विगत 27 अप्रैल को दोपहर वादी श्री लक्ष्मी प्रसाद सेमवाल पुत्र स्व0 श्री देवराज हाल निवासी वानिकी महाविद्यालय रानीचौरी चम्बा टिहरी गढ़वाल ने थाने में आकर एक तहरीर बाबत महाविद्यालय के परिसर में स्थित माता सिद्धेश्वरी मंदिर में बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर से माता की सोने की नथ, दो चांदी छत्र व नकली गले का हार आदि व दान पात्र से नकदी चोरी के संबंध में तहरीर लाकर दाखिल की । वादी के तहरीर के आधार पर तत्काल थाना चम्बा पर मु.अ.स. 16/23 धारा 457, 380 भादवि पंजीकृत किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल चोरी के खुलासे हेतु आदेशित किया गया जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक टिहरी के निर्देशन में तत्काल एक टीम का गठन किया गया । अधिकारीगणों से प्राप्त दिशा-निर्देशन गठित पुलिस टीम द्वारा चोरी के खुलासे हेतु आस पास के लोगों से पूछताछ की गई व पूर्व में चोरी के मामले में जेल गए अपराधियों से भी पूछताछ की गई । पुलिस टीम के अथक प्रयास से मुखबिर की सूचना पर रानीचोरी रोड से रात्रि करीब 8.00 बजे चंद्रबीर सिंह नेगी उर्फ बंटी पुत्र श्री विक्रम सिंह नेगी निवासी ग्राम सोंडकोटी बादशाही ठौल थाना चंबा टिहरी गढ़वाल को हिरासत में लिया गया जिससे घटना के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना स्वीकारते हुए उससे चोरी किए हुए शत प्रतिशत माल बरामद की गई ।अभियुक्त एक शातिर चोर है जो पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है ।

## अकाउंटेंट के घर से पुलिस ने एक करोड़ 70 लाख रुपये हुए बरामद

देहरादून। नेहरू कालोनी में निजी कंपनी के अकाउंटेंट के घर से पुलिस ने एक करोड़ 70 लाख रुपये बरामद किए। अकाउंटेंट नकदी के बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पाया और न ही उसके संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत कर सका। ऐसे में पुलिस ने नकदी जब्त कर ली और आगे की कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सूचित किया। प्रकरण में आगे की जांच आयकर विभाग करेगा। थानाध्यक्ष नेहरू कालोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि बाईपास चौकी प्रभारी देवेश खुगशाल को फ्रेंड्स एनक्लेव स्थित एक घर में बड़ी मात्रा में नकदी रखे होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने वहां पहुंचकर तलाशी ली तो आलमारी, बैग और एक दराज से कुल 1.70 करोड़ रुपये बरामद हुए। नकदी अधिक होने के चलते गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी। उस समय अकाउंटेंट अपने पिता और परिवार के साथ घर पर ही था। उसके पिता भी अकाउंटेंट हैं। पुलिस ने पिता-पुत्र से नकदी के बारे में पूछताछ की तो दोनों ने अलग-अलग जवाब दिए। पिता का कहना था कि उन्होंने हापुड़ (उत्तर प्रदेश) में मकान बेचा है और पैसा उसी का है। हालांकि, वह इसका कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। वहीं, पुत्र का कहना था कि वह जिस कंपनी में काम करता है, पैसा उसका है। ऐसे में पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना दी। वहां पता चला कि अधिकांश अधिकारी बाहर हैं। इस पर पुलिस ने नकदी जब्त कर ली। अकाउंटेंट के पास नकदी कहां से आई, यह पता लगाने के लिए आयकर विभाग शनिवार से जांच शुरू करेगा। थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि अकाउंटेंट मूलरूप से हापुड़ (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है और दून में किराये के मकान में रहता है। चर्चा यह भी है कि वह आइपीएल मैचों में सट्टा लगवाता है।

## पूरन चन्द्र गंभीर के निधन पर शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें अमित गंभीर सीए के पिता पूरन चन्द्र गंभीर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में केवल बत्रा, जगदीश छाबड़ा, मनोहर लाल मिगलानी, प्रेम ठक्कर, रामकुमार सीकरी, ईशान सेठ, मान सिंह ग्रोवर बॉबी टुटेजा, अनिल भल्ला, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा, रमेश भुसरी, नरेश कुमार सेठ, कस्तूरी लाल तागरा, सुभाष छाबड़ा, एडवोकेट नरेश छाबड़ा, गुरमीत सिंह, महेन्द्र सिंह असीजा आदि उपस्थित थे।


### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 04 में क्रमांक 282 पर श्री नेवराज गम्भीर पुत्र उधौदास का नाम अंकित है। जिसको विरासतन उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर श्री गुलशन गम्भीर, उमेश कुमार, लोकेश गम्भीर, दीपक कुमार पुत्र स्वव नेवराज व चेतनाबाई पत्नी स्व0 नेवराज निवासी वार्ड नं0 04 का नाम अंकित है। जिसमें चेतनाबाई पत्नी स्व0 नेवराज गम्भीर ने नोटरी शपथ पत्र पर अपने पुत्रों के नाम नामान्तरण करने के लिये लिखित अनापत्ति दी है। जो गृहकर अभिलेखों में श्री गुलशन गम्भीर, उमेश कुमार, लोकेश गम्भीर, दीपक कुमार पुत्र स्वव नेवराज के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा ।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद,गदरपुर

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री **मुस्कान गुप्ता** ने वर्ष 2022 में हाईस्कूल की परीक्षा श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कालेज, रूद्रपुर से उत्तीर्ण की है, जिसका रोल नं0 22112019 है, मेरी पुत्री के उपरोक्त हाईस्कूल प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र की मूल प्रतियां घर में आग लगने के कारण पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गये हैं।

**सुनीता गुप्ता पत्नी श्री राजेन्द्र गुप्ता**
निवासी रम्पुरा काली मंदिर, रूद्रपुर
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


## पेज एक का शेष...

**सर्किल रेट पर जल्द...**कल का निर्माण करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश को उंचाईयों को ले जाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनायी गयी नई शिक्षा नीति देश में नई क्रांति लायेगी। इससे सभी वर्गों को समान अवसर मिलेंगे। नई शिक्षा नीति के माध्यम से रोजगार परक शिक्षा मिलने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी अवसर मिलेंगे। देश को विकसित बनाने में नई शिक्षा नीति कारगर सिद्ध होगी। उत्तराखण्ड देश में प्रथम विद्यालय है जिसने देश में सबसे पहले इस नीति को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौनिहालों के भविष्य और देश के भविष्य को संवारना शिक्षकों के कंधों पर है। इस अवसर परविधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, मेयर उषा चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी डा. मंजूनाथ टिसी, खिलेन्द्र चौधरी, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपक बाली, पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, रितु भल्ला, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, आशीष गुप्ता, पंकज भल्ला, शिखा गौतम, अमित साना, सीमा चौहान आदि मौजूद थे।

**मानसून नजदीक आते ही...**गौरतलब बात तो यह भी है कि कल्याणी नदी के मध्य तथा इसके दोनों किनारों पर अवैध रूप से बने सैकड़ों मकानों में रह रहे परिवारों को नियमों के विपरीत विद्युत, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड आदि सुविधयें भी प्रदान की गई हैं। इसे देखने या सम्बधित अधिकारी से जवाब तलबी करने वाला शायद कोई अधिकारी ही नहीं है। मानों हर सम्बधित अधिकारी व कर्मचारी को सब कुछ करने की छूट मिली हुइ है। ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी नीरज खैरवाल द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को साथ लेकर कल्याणी नदी को उसका पुराना स्वरूप प्रदान करने तथा नदी को अक्रिमण से मुक्त कराने के लिए कार्य प्रारम्भ किया गया था लेकिन यह कार्य भी किन्हीं कारणों से बीच में ही अधूरा रह गया। इसकी फाइलें सम्भवत: आज भी कलेक्ट्रेट के किसी कक्ष में धूल फांक रही होंगी। कहते हैं अगर मन में इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी कार्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं देश की सभी नदियों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने के साथ ही इसे अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए सभी राज्य सरकारों से आग्रह करते रहे है। महानगर में कल्याणी नदी के किनारे अनेक स्थानों पर छठ पूजा स्थल भी स्थापित किये गये हैं। जहां प्रति वर्ष पूर्वी समाज के हजारों लोग छठ मैया की पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान लोगों द्वारा जब कल्याणी नदी को साफ करने की मांग की जाती है तो प्रशासनिक व निगम अधिकारियों की नींद कुछ देर के लिए ही खुलती है। नदी को हमेशा के लिए साफ सुथरा बनाने व इसे अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाये जाते हैं। अब जबकि मानसून के दस्तक देने में ज्यादा वक्त नहीं बचा है शासन प्रशासन को कल्याणी नदी को पूरी तरह से अतिक्रमण से मुक्त कर बाढ़ से लोगों का जीवन बचाने के लिए ठोस कार्य शुरू करने होंगे। कल्याणी नदी में मोहल्ला जगतपुरा, मुखर्जीनगर, आवास विकास, रविन्द्रनगर, खेडा, भूतबंगला, पहाड़गंज आदि आवासीय कालोनियों में अनेक स्थानों पर अतिक्रमण साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। परंतु अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग सब कुछ देखते हुए भी मौन साधे हुए है। यानि कि दूसरे अर्थों में यह भी कहा जा सकता है कि अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से ही कल्याणी नदी अतिक्रमण के शिकंजे में फंसती जा रही है। यदि इसे रोकने के लिए तत्काल ठोस कदम नहीं उठाये गये तो भविष्य में कई दशकों पुरानी कल्याणी नदी का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

**युवा कांग्रेस रूद्रपुर...**नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और आने वाले लोकसभा चुनाव व निकाय चुनावों में जुट जाने का आह्वान किया और आशा व्यक्त करी की सभी युवा कार्यकर्ता युवाओं को साथ लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करेंगे और सड़कों पर उतर कर सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाएंगे और आने वाले चुनावो में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, कांग्रेस की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती मीना शर्मा, वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, साजिद खान दिलीप अधिकारी, नगर निगम में विपक्ष के नेता मोनू निषाद, पार्षद सुरेश गोरी, सुशील मंडल, मोहन भारद्वाज, राजेश कुमार, प्रीति साना, सौरभ शर्मा, बाबू खान, परवेज कुरेशी, अमित मिश्रा, बिट्टू, अशफाक अंसारी, ममता रानी, राजीव कामरा, सुमित राय, अजय यादव, नव कुमार साना, आनंद शर्मा, हरीश शर्मा, समप्रित ग्रोवर, चेतन भट्ट, उमर अली , शिशुपाल सिंह, सतनाम सिंह, जय तरफदार, जक्की रजा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ढेला के 8 बच्चों को मिली शांतिदेवी लखोटिया छात्रवृत्ति

रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कालेज ढेला के 8 बच्चों को एक सादे समारोह में शांतिदेवी लखोटिया स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कक्षा 6 से बारहवीं तक की प्रीति नेगी,संजय बिष्ट,वैशाली नेगी,ज्योति फर्त्याल, अंकिता,दिव्या सुंदरियाल, जीना,कोमल सत्यवली,दीक्षा रावत को उनकी



शैक्षणिक योग्यता व अन्य वर्षभर अन्य गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए यह स्कॉलरशिप प्रदान की गई।स्कॉलरशिप के तहत प्रत्येक बच्चे को ग्यारह सौ रुपए प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, गोल्डन टस्क के मुख्य प्रबन्धक अनिरुद्ध लखोटिया, उपाध्यक्ष,संजय कासल, संचालन प्रबंधक वीरेंद्र बिष्ट,सुरेश रावत,सी पी खाती विद्यालय समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# धूमधाम से मना भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का जन्म दिन





रूद्रपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर मौके पर हवन और रक्तदान शिविर के साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जगह जगह केक काटे गये और विकास शर्मा का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें जन्म दिन की बधाई दी गयी। विकास शर्मा ने अपने जन्म दिन पर सबसे पहले आदर्श कालोनी स्थित नीलकंठ मंदिर में परिवार के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रम्पुरा स्थित चौरासी घंटा मंदिर में विकास शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ आयोजित हुआ। जिसमें विकास शर्मा के दीर्घायु होने की कामना की गयी। इस अवसर पर विकास शर्मा का जोरदार स्वागत भी हुआ। गावा चौक पर रूद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान कर विकास शर्मा के दीर्घायु होने की कामना की। भगत सिंह चौक पर श्री केदार सेवा मण्डल की ओर से विकास शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा विकास शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में शहर के ट्रांजिट कैम्प,मुख्य बाजार, रम्पुरा सहित कई स्थानों पर केक काटने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। जगह जगह जन्म दिन कार्यक्रमों में विकास शर्मा का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें जन्म दिन की बधाई दी गयी। जन्म दिन कार्यक्रमों में पहुंचे शुभ चिंतकों का विकास शर्मा ने आभार व्यक्त किया। जन्म दिन कार्यक्रमों में वरिष्ठ समाजसेवी दिपिन सुखीजा, मोहन तिवारी, योगेश वर्मा, शंकर विश्वास, गोपाल पटेल, धीरेन्द्र मिश्रा, बिट्टू चौहान, गिरीश पाल, केके त्रिपाठी, अशोक विश्वास, आदेश भारद्वाज, सचिन शर्मा, विशु ढाली, गोलू मिस्त्री, जी के शर्मा, सुनील ठुकराल, धर्म सिंह कोली, प्रीति धीर, अल्तमस मलिक, सचिन शर्मा, विपिन चौहान, राजन ठुकराल,अशोक मंडल, अजय पाल, सुदीप डे, सत्यपाल गंगवार आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे। ADVT.

# वाद विवाद प्रतियोगिता में मानसी ने मारी बाजी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग और 'डिप्लोमा इन ईको टूरिज्म' विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जी-20 के आलोक में" कोविड-19 वैश्विक महामारी में शिक्षा का डिजिटल ट्रान्सफार्मेशन" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईको टूरिज्म विभाग के प्रभारी डॉ. अंचलेश कुमार ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रान्ति के स्तर पर जाकर विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की। इस वैश्विक महामारी के बावजूद इस दौरान छात्रों के हित के मद्देनजर डिजिटल तरीके से अध्यापन कार्य किया जाता रहा। वाद विवाद प्रतियोगिता में एमए समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मानसी ने प्रथम, एमए समाजशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी खेड़ा ने द्वितीय तथा बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा रिताक्षी छाबडा और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सिमरन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में डॉ. दीपमाला, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. निर्मला जोशी ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी प्रोफेसर



हेमलता सैनी ने अपने व्याख्यान में कहा कि वर्तमान समय पूरी तरह से डिजिटल युग है। अत: जब तक हम स्वयं को डिजिटल नहीं बनाएँगे, तब तक हम तकनीकी नवाचार से दूर रहेंगे। वैश्वीकरण के इस दौर में ज्ञान के विविध आयामों से परिचित होने के लिए डिजिटल साक्षरता और डिजिटल पहुँच दोनों ही जरूरी है। किसी एक के अभाव में दूसरे के कोई मायने नहीं है।समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने निर्णायक मण्डल और प्रतिभागियों धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कोविड 19 वैश्विक महामारी में शिक्षा का डिजिटल ट्रान्सफॉर्मेशन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि उन्हें बढ़-चढ़ कर डिजिटल माध्यमों से जुड़कर उनका लाभ उठाना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों से परोसे जा रहे अंधाधुँध निर्बाध ज्ञान के प्रति सतर्क रहने को भी कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी माध्यम से प्रस्तुत ज्ञान की अन्तिम परीक्षा मात्र पुस्तकों के द्वारा ही सम्भव है। विद्यार्थियों को पुस्तकों में दिए गए ज्ञान को ही अन्तिम सत्य मानना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय समाज शास्त्र विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी, इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ. नरेश कुमार, डॉ. कमला बोरा, डॉ. दीपमाला ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी दीप शिखा, सोनम, दिव्या, अमनदीप, अनम फातिमा, राहुल, रिंकू विश्वाश, रुचि, चम्पा पोखरिया, सिमरन जीत कौर, रजत बिष्ट, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे ।

# मई दिवस में व्यापक भागीदारी को लेकर किया जनसंपर्क

रामनगर (उद संवाददाता)।मजदूर दिवस पर होने वाली रैली व सभा में सभी वर्गों को व्यापक भागीदारी को लेकर मई दिवस आयोजन समिति द्वारा व्यापक जनसंपर्क किया गया।आयोजन समिति के संयोजक चंद्रबल्लभ छिम्वाल सह संयोजक लालमणि के नेतृत्व में एक टीम ने वन निगम,लोक निर्माण विभाग,वन विभाग,सिंचाई विभाग,तहसील कार्यालय व शिक्षा विभाग के



कार्यालयों,विद्यालयों,स्थानीय फैक्ट्रियों में संपर्क किया।टीम ने सभी से 1मई को सांय 5 बजे से नगर पालिका परिसर से निकलने वाले जुलूस में अधिकतम भागीदारी की अपील की। कार्यालयों में हुई बैठकों के दौरान वक्ताओं ने कहा सरकार की निजीकरण परस्त नीतियों के चलते मजदूरों,कार्मिकों ने जो कुछ भी पाया था वह धीरे धीरे छीना जा रहा है।शिक्षक मंडल द्वारा मई दिवस की वर्तमान दौर में प्रासंगिकता पर एक गोष्ठी 30 अप्रैल प्रात साढ़े दस बजे से राजकीय प्राथमिक विद्यालय घासमंडी में होने की भी जानकारी दी गई।इस दौरान कर्मचारी शिक्षक संगठन के मंडलीय अध्यक्ष नवेंदु मठपाल,वन निगम कर्मचारी यूनियन के गिरीश आर्या, पानसिंह नेगी ,बी डी नेनवाल,नंदराम आर्य,बालकृष्ण चंद,, जमन आर्य मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर एक स्थित देव विहार में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष ने समस्याओं का भी जायजा लिया और जनसमस्याओं की अनदेखी के खिलाफ संघर्ष करने की बात कही। देव विहार में पार्टी कार्यकर्ता चन्द्रपाल की अगुवाई में महानगर अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत हुआ। इस दौरान सीपी शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके लिए सर्वोपरि है। जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकी जायेगी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष श्री शर्मा जन समस्याओं से भी रूबरू हुए। देव विहार कालोनी के लोगों ने उन्हें बताया कि कालोनी में न बिजली के खंभे हैं और न ही नाली और सड़क है। पेयजल के लिए भी कोई इंतजाम नहीं किये गये हैं। नालियां नहीं होने से कालोनी में मच्छरों का प्रकोप है जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बिमारियां फैलने की आशंका बनी



हुयी है। बगवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग की हालत भी खस्ता है जिसमें आये दिन हादसे होते हैं। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जन समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है। चहेते ठेकेदारों को काम दिये जा रहे हैं और पूंजीपतियों की कालोनियों में ही नगर निगम पैसा खर्च करने में लगा हुआ है। गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों की कालोनियों में जनसमस्याओं की अनदेखी की जा रही है। मलिन बस्तियों में और भी बुरा हाल है। नगर निगम का यह उपेक्षापूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सभी वार्डो में भ्रमण अभियान चलाकर नगर निगम के भ्रष्टाचार की पोल खोली जायेगी और जनसमस्याओं की अनदेखी बंद नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर जनता के साथ खड़ी है। जनता के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ा जायेगा। महानगर अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निगम की तैयारी में जुटने का आहवान भी किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव दमखम के साथ लड़ा जायेगा। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, सुनील आर्य, सतीश कुमार, नंद किशोर गंगवार, चन्द्रपाल, , रमेश बोरा, राजेन्द्र कुमार, उत्तम सिंह, प्रेमलता आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्व. चंदन रामदास को दी श्रद्धांजलि

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के आवास पर सैकड़ों भाजपाइयों ने उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री बागेश्वर विधानसभा के विधायक चंदन राम दास के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। पूर्व विधायक राणा ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार एवं समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। वह हमेशा समाज के हर वर्ग के विकास कार्यों में लगे रहते थे। शोक प्रकट करने



वालों में पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री तरनजीत सिंह रानू, इंद्रपाल सिंह मान, राजन चौहान, उमेश अग्रवाल, मोहित अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल धुव राणा, दिनेश रस्तोगी, वरुण अग्रवाल, जगदीश जोशी, पुष्पेंद्र राणा, भास्कर संभल, मनोज गर्ग, मनिंदर गुलाटी, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।